# प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

1. **In Bihar, which of the following facts have been revealed by Bihar Caste Survey, 2023 ?**
**बिहार में बिहार जाति सर्वेक्षण, 2023 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य उजागर हुआ है?**
(a) Upper Caste 15.52%/उच्च जाति 15.52%
(b) Scheduled Caste and Scheduled Tribe 21.33%/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति 121.33%
(c) Backward Caste 63.14%/पिछड़ी जाति 63.14%
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (c): बिहार में 'बिहार जाति सर्वेक्षण',2023 द्वारा दिये गये तथ्य के अनुसार,
उच्च जाति-15.52%
अनुसूचित जाति + अनुसूचित जनजाति (19.65+1.68) 21.33
पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (27.12 + 36.01) 63.14

2. **How many of the total number of people have been the Chief Ministers in Bihar since 26th Jan. 1950 to the beginning of 2024 ?**
**निम्न में से कुल कितने लोग 26 जनवरी 1950 से 2024 के प्रारम्भ तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं?**
(a) Only 23 people/केवल 23 लोग
(b) Only 25 people/केवल 25 लोग
(c) Only 21 people/केवल 21 लोग
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (a): कुल 23 लोग 26 जनवरी, 1950 से 2024 के प्रारम्भ तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे है। स्वतंत्रता के पश्चात् बिहार के मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह थे, जिसका कार्यकाल 26 जनवरी, 1950 से 31 जनवरी, 1961 तक था। वर्तमान में 22वें व्यक्ति के रूप में मुख्यमंत्री श्री नीतिश कुमार हैं। जो अब तक 3 बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

3. **The congress socialist party was formed in**
**काँग्रेस समाजवादी दल की स्थापना हुई**
(a) June 1934/जून 1934 में
(b) July 1934/जुलाई 1934 में
(c) May 1934/मई 1934 में
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (e): कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना मई 1934 को पटना में आयोजित एक सम्मेलन में हुआ था। इसके संस्थापक सदस्य जय प्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और आचार्य नरेन्द्र देव थे। इसका लक्ष्य स्वतंत्रता एवं समाजवाद था।

4. **बिहार सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किसके लाभ के लिए मिशन दक्ष शुरू किया गया?**
(a) खेत मजदूर (b) शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चे
(c) छोटे कारीगर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** बिहार सरकार द्वारा कक्षा 3 से 8 में शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चों के लाभ के लिए मिशन दक्ष शुरू किया गया। मिशन दक्ष का पूरा नाम है- ज्ञान और कौशल के लिए गतिशील दृष्टिकोण इस योजना का उद्देश्य राज्य में कक्षा-3-8 के कमजोर छात्रों को विशेषरूप से हिन्दी, गणित और अंग्रेजी की कक्षा प्रदान करना है। इस कदम के पीछे का विचार बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर को कम करना है।

5. **1930 में बिहार क्षेत्र की राजस्व वसूली में धरना (प्रदर्शन) के कारण कितनी कमी हुई?**
(a) 20 लाख (b) 30 लाख
(c) 10 लाख (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** 1930 में बिहार क्षेत्र की राजस्व वसूली में धरना प्रदर्शन के कारण 10 लाख की कमी दर्ज की गयी थी।

6. **बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन (वस्त्र एवं चर्म) नीति, 2022 के अनुसार, पेटेन्ट शुल्क की कितनी राशि तक का अनुदान दिया जाएगा?**
(a) 5 लाख (b) 10 लाख
(c) 20 लाख (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन (वस्त्र एवं चर्म) नीति-2022 के अनुसार, पेटेंट शुल्क ₹ 10 लाख राशि तक अनुदान दिया जाएगा। बिहार में वस्त्र व चर्म उद्योग में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों व निवेशकों को राज्य सरकार ₹ 10 करोड़ तक का अनुदान होगी।

7. **पटना जिले के अन्तर्गत कितने विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र हैं?**
(a) 16 (b) 12
(c) 14 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** पटना जिले के अंतर्गत 14 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और 2 दो संसदीय क्षेत्र आता है। बिहार विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में 243 निर्वाचन क्षेत्र हैं तथा विधान परिषद के कुल सदस्यों की संख्या 75 है। बिहार विधान सभा का गठन 1937 में किया गया था।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**8. बिहार के किस जिले में धान का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) भोजपुर (b) रोहतास
(c) नालन्दा (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***
***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam-22/07/2024***

**Ans. (b) :** बिहार में रोहतास जिले में धान का उत्पादन 993.23 हजार टन जो (12.9%) कुल धान उत्पादन का है। औरंगाबाद व कैमूर 705.64 हजार टन व 499.1 हजार टन के साथ दूसरा व तीसरा सर्वाधिक चावल उत्पादक जिला है।

**9. बिहार के किस जिले में गेहूँ का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) पटना (b) रोहतास
(c) जहानाबाद (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** बिहार आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार रोहतास जिले में गेहूँ का उत्पादन (729.31 हजार टन) सर्वाधिक होता है। इसके बाद कैमूर, पश्चिम चंपारण व पूर्व चंपारण है जहाँ क्रमशः 383.67 हजार टन, 335.68 हजार टन व 385.57 हजार टन गेहूँ का उत्पादन हुआ।

**10. बिहार के किस जिले में चीनी का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) पूर्वी चम्पारण (b) पश्चिमी चम्पारण
(c) सारण (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** बिहार में प्रमुख गन्ना उत्पादक जिलों में पश्चिमी चंपारण का अग्रणी स्थान है, जहाँ 2021-22 में 56.98 प्रतिशत (68.24 लाख टन) गन्ना का उत्पादन हुआ। इसके बाद प्रमुख गन्ना उत्पादक जिले क्रमशः पूर्वी चंपारण (12.13 लाख टन), गोपालगंज (11.50 लाख टन) और मुजफ्फरपुर (6.65 लाख टन) हैं।

**11. पटना कॉलेज कब स्थापित हुआ?**

(a) 1861 (b) 1863
(c) 1865 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** बिहार की राजधानी में स्थित पटना कालेज की स्थापना 9 जनवरी, 1863 को हुई थी। यह कला विज्ञान और वाणिज्य क्षेत्र में पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

**12. मुजफ्फरपुर बम काण्ड में किसको फाँसी की सजा दी गई थी?**

(a) प्रफुल्ल चाकी (b) खुदीराम बोस
(c) रासबिहारी बोस (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** मुजफ्फरपुर बम काण्ड की घटना 30 अप्रैल, 1908 को हुई थी। इसे खुदीराम बोस व प्रफुल्ल चाकी ने अंजाम दिया था। इसमें जिलाधिकारी किंग्सफोर्ड की जगह लेडी केनेडी की मृत्यु हो गई। इस अपराध में 17 वर्षीय युवक खुदीराम बोस को 11 अगस्त, 1908 को फाँसी दे दी गई थी।

**13. इनमें से कौन एक 'अहरार आन्दोलन' से सम्बन्धित नहीं थे?**

(a) मौलाना मज़हरुल हक़
(b) मौलाना जफ़र अली खाँ
(c) मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** अहरार आंदोलन से मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली संबंधित नहीं थे। इस आंदोलन की शुरुआत 1910 में की गई थी। इसके नेतृत्वकर्ता मौलाना मुहम्मद अली, मौलाना मजरूल हक, मौलाना जफर अली खाँ और हसन इमाम इत्यादि थे। इन्होंने राष्ट्रवादी आंदोलन में सक्रीय भागीदारी की वकालत की।

**14. 1832-33 के मध्य 'कोल विद्रोह' का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) नारायण राव (b) सिधू और कान्हू
(c) देवे नारायण (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (e) :** प्रमुख जनजातीय आंदोलन कोल विद्रोह 1832-33 के मध्य कोल विद्रोह हुआ। इसका नेतृत्व बुद्धों भगत ने किया। यह आंदोलन छोटा नागपुर क्षेत्र में हुआ था। यह आंदोलन बाहरी लोगों (दिकु) अंग्रेजों के शोषण का बदला लेने के लिए किया गया था। इस प्रकार विकल्प (e) उत्तर होगा।

**15. किस वर्ष बिहार को बंगाल से अलग किया गया था?**

(a) 1905 (b) 1907
(c) 1909 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (e) :** 22 मार्च, 1912 को बंगाल प्रांत से बिहार और ओडिशा को अलग करके एक नया प्रांत बनाया गया। भारत शासन अधिनियम, 1935 के तहत 1 अप्रैल, 1936 को पुनः बिहार और ओडिशा को अलग-अलग प्रांतों में विभाजित कर दिया गया था। इस प्रकार विकल्प (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं, उत्तर होगा।

**16. बिहार सौर ऊर्जा सिंचाई योजना निम्नलिखित में से किस वर्ष आरम्भ की गई थी?**

(a) 2008 (b) 2011
(c) 2014 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** बिहार सरकार ने सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली की कमी के समाधान के रूप में वर्ष 2008 में सौर सिंचाई के लिए एक योजना, बिहार सौर ऊर्जा सिंचाई योजना को शुरू किया गया था।

**17. Which river is frequently changing its course of flow in Bihar/बिहार की कौन-सी नदी अपना मार्ग परिवर्तित करने के लिए जानी जाती है?**

(a) Kosi /कोसी
(b) Gandak /गण्डक
(c) Punpun /पुनपुन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (a):** बिहार की कोसी नदी अपना मार्ग परिवर्तित करने के लिए कुख्यात है। अपने मार्ग परिवर्तित करने की इस प्रवृत्ति के कारण कोसी नदी को बिहार के शोक की संज्ञा प्रदान की जाती हे।

**18. Who led the Revolt of 1857 in Bihar?/बिहार में 1857 की क्रान्ति को किसने नेतृत्व दिया था?**

(a) Kunwar Singh /कुंवर सिंह
(b) Tatya Tope /तात्या टोपे
(c) Nana Saheb/नाना साहेब
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***
***BPSC TRE 2.0 Exam 09/12/2023 Paper-II***

**Ans. (a):** बिहार में 1857 की क्रान्ति का नेतृत्व जगदीशपुर के जमींदार (आरा) कुंवर सिंह ने किया था। वे जगदीशपुर के शाही उज्जैनिया (पंवार) राजपूत घराने से थे, जो वर्तमान में बिहार के भोजपुर जिले का हिस्सा है। 23 अप्रैल, 1858 को जगदीशपुर के पास लड़ी गई अपनी आखिरी लड़ाई में उन्होंने ईस्ट इंडिया के नियंत्रण वाली सेना को पूरी तरह से परास्त किया। इनका देहान्त 26 अप्रैल, 1858 को हो गया।

**19. किस वर्ष बाबू कुँवर सिंह का देहान्त हुआ?**

(a) 1857 (b) 1858
(c) 1859 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. Who provided leadership in the districts of Patna, Ara and Shahabad during the Revolt of 1857 in Bihar?/बिहार में 1857 की क्रान्ति के दौरान पटना, आरा और शाहाबाद जिलों में किसने नेतृत्व प्रदान किया?**

(a) Raj Kumar Shukla/राजकुमार शुक्ला
(b) Namdar Khan/नामदार खाँ
(c) Kunwar Singh/कुँवर सिंह
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(c):** बिहार में 1857 की क्रांति के दौरान पटना, आरा और शाहाबाद जिलों में इसका नेतृत्व कुँवर सिंह ने किया था। भारत सरकार द्वारा इनके सम्मान में 23 अप्रैल, 1966 को एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था।

**21. Name the left-wing leader of Bihar Provincial Kisan Sabha who popularised this in Bihar? बिहार के किस वाम-पंथी नेता के बिहार प्रान्तीय किसान सभा को लोकप्रिय बनाया था नाम बताईयेः**

(a) Wadhwa Ram /बधवा राम
(b) Karyanand Sharma /कार्यानन्द शर्मा
(c) P.C. Joshi /पी.सी. जोशी
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (b):** 4 मार्च, 1928 को पटना के बिहटा में स्वामी सहजानंद सरस्वती ने किसान सभा की स्थापना की तथा 1929 में सोनपुर मेला में आयोजित सभा में बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना की गई। स्वामी सहजानंद इसके अध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण सिंह सचिव बने। यदुनंदन शर्मा, पंचानन शर्मा, राहुल सांकृत्यायन तथा कार्यानन्द शर्मा जैसे वामपंथी नेताओं द्वारा इस संस्था को बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रियता प्रदान की गयी।

**22. Under the Government of India Act 1935, who was the first elected Chairman of Bihar Legislative Council?/भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिहार विधान परिषद् के प्रथम निर्वाचित सभापति कौन थे ?**

(a) Rajiv Ranjan Sinha/राजीव रंजन सिन्हा
(b) Rai Bahadur Satish Chandra/राय बहादुर सतीश चंद्र
(c) Rajendra Prasad/राजेंद्र प्रसाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(b):** भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत बिहार विधान परिषद में 29 सदस्य थे। सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होता था और कुछ को मनोनीत भी किया जाता था। राज्यपाल के आदेश से रायबहादुर सतीश चंद्र सिन्हा इसके अध्यक्ष बने बाद में राजीव रंजन सिन्हा को इसका उपाध्यक्ष चुना गया।

**23. Bihar Diwas is celebrated on ____________ to:/ बिहार दिवस _____ मनाया जाता है।**

(a) On March 22 to commemorate its separation form the Bengal Presidency/22 मार्च को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग होने के उपलक्ष्य में
(b) On March 22 to commemorate its separation form the Calcutta Presidency/22 मार्च को कलकत्ता प्रेसीडेंसी से अलग होने के उपलक्ष्य में
(c) On March 22 to commemorate its separation form the Mughal Presidency/22 मार्च को मुगल प्रेसीडेंसी से अलग होने की स्मृति में
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(a):** बिहार दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च, को बिहार राज्य के गठन के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है। 22 मार्च, 1912 को बिहार एवं उड़ीसा को बंगाल प्रांत से अलग कर नए प्रांत के रूप में पुनर्गठित किया गया था।

**24. Congress Socialist Party (CSP) was formed in the year.कांग्रेस सोशियलिस्ट पार्टी (सीएसपी) का गठन किस वर्ष हुआ था?**

(a) 1932
(b) 1934
(c) 1930
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans.(b):** मई, 1934 ई. को कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन जय प्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया एवं आचार्य नरेन्द्र देव द्वारा की गयी थी। ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का समाजवादी विचारधारा वाला अंग था।

**25. In which district of Bihar silk textile production is maximum ?**
**बिहार के किस जिले में रेशमी वस्त्र का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) Bhagalpur/भागलपुर
(b) Madhubani/मधुबनी
(c) Aurangabad/औरंगाबाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(a):** भागलपुर सैकड़ों वर्षों से रेशम उद्योग से जुड़ा हुआ है और पूरे भारत में अपने टसर सिल्क और भागलपुरी साड़ी के लिए प्रसिद्ध है। राज्य रेशम संस्थान और कृषि विश्व विद्यालय भागलपुर शहर में ही स्थित है।

**26. Who founded the Bihar provincial congress committee in 1920 ?**
**किसने 1920 ई. में बिहार प्रादेशिक कांग्रेस कमेटी की स्थापना की थी?**

(a) Anugrah Narayan Sinha/अनुग्रह नारायण सिन्हा
(b) Dr. Rajendra Prasad /डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) Jai Prakash Narayan/जयप्रकाश नारायण
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(b):** 1920 ई. में स्थापित बिहार प्रादेशिक कांग्रेस कमेटी की स्थापना डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा की गई थी। 1921 में आयोजित इसके प्रथम सत्र के अध्यक्ष 'मौलाना मज़रूल हक' थे, तथा दूसरे सत्र की अध्यक्षता 1931 में डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्वारा ही की गई थी।

**27. The All India Kisan Sabha (AIKS) was founded in 1936 in Bihar under the leadership of :**
**1936 में अखिल भारतीय किसान सभा (ए.आई.के.एस.) की स्थापना बिहार में किसके नेतृत्व में हुई थी?**

(a) Jai Prakash Narayan/जय प्रकाश नारायण
(b) Dr. Rajendra Prasad /डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) Swami Sahajanand Saraswati/स्वामी सहजानंद सरस्वती
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(c):** 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में हुई थी। ये इसके प्रथम अध्यक्ष भी थे। इस सत्र में एन.जी. रंगा को इसका सचिव चुना गया।

**28. बिहार का उग्र कृषक नेता कौन था?**

(a) राज कुमार शुक्ला
(b) स्वामी सहजानंद सरस्वती
(c) राजेन्द्र प्रसाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (b) :** स्वामी सहजानंद सरस्वती को बिहार का उग्र कृषक नेता कहा जाता है। अपनी विद्रोही गतिविधियो के कारण इन्हे 1922-23 में गाजीपुर, बनारस, फैजाबाद तथा लखनऊ जेलों में रहना पड़ा। आरंभ में इनका कार्यक्षेत्र बक्सर, भभुआ तथा शाहबाद था, परन्तु 1924 के बाद से सम्पूर्ण बिहार में प्रसिद्ध हो गए। 1927 में बिहार (पटना) में 'सीताराम आश्रम' को केन्द्र बनाकर अपनी गतिविधियों का संचालन किया। इन्हें अखिल भारतीय किसान सभा के पहले सत्र का अध्यक्ष चुना गया।

**29. Padmashree Ushakiran Khan had the following achievements:/पद्मश्री उषा किरण खान की निम्नलिखित उपलब्धियाँ थी :**

**1. Sahitya Akademi Award 2010/साहित्य अकादमी पुरस्कार 2010**
**2. Bharat Bharati 2019/भारत भारतीय 2019**
**3. Maithili – Kachahi Bans /मैथिली-कांचहि बास**
**4. Hindi-Anuttarit Prashna /हिन्दी-अनुत्तरित प्रश्न**

(a) Only 2/केवल 2
(b) Only 1/केवल 1
(c) Only 3/केवल 3
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (d) :** दरभंगा, बिहार के मझौलिया गांव में जन्मी उषाकिरण खान देश के सम्मानित साहित्यकारों में से हैं। इन्हें वर्ष '2015' में 'पद्मश्री', 2019 में 'भारत भारती' तथा 2020 में 'प्रबोध साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। 2011 में उषाकिरण खान को उनके मैथिली उपन्यास 'भामती' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'कांचहि बांस' इनकी मैथिली कृति (कहानी संग्रह) है, जबकि अनुत्तरित प्रश्न, हसीन मंजिल, भामती एवं सिरजनहार इनके मैथिली उपन्यास हैं।

**30. Which was the main centre of activities of Wahabis in Bihar ?**
**बिहार में वहाबियों की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र कौन-सा था?**

(a) Jagdishpur/जगदीशपुर
(b) Champaran/चम्पारण
(c) Patna/पटना
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (c) :** वहाबी या सलफ़ी आंदोलन एक अतिवादी इस्लामी आंदोलन था, जिसका श्रेय इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वहाब को दिया जाता है। भारत में बहावी आंदोलन पटना बिहार के क्षेत्र में हुआ एक इस्लामी, धार्मिक पुनरुत्थानवादी आंदोलन था। भारत में इसका नेतृत्व सैयद अहमद बरेलवी ने किया।

**31. Which of the following is the oldest river valley project in Bihar ? /निम्न में से बिहार में सबसे पुरानी नदी घाटी परियोजना कौन-सी है?**

(a) Damodar River Valley Project/दामोदर नदी घाटी परियोजना
(b) Sone River Valley Project/सोन नदी घाटी परियोजना
(c) Kosi River Valley Project/कोसी नदी घाटी परियोजना
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** दामोदर नदी घाटी परियोजना भारत सरकार की (स्वतंत्र भारत की) सर्वप्रथम बहु-उद्देशीय नदी घाटी परियोजना है। दामोदर घाटी निगम के स्थापना तत्कालीन बिहार एवं पश्चिम बंगाल राज्यों में विस्तृत दामोदर घाटी के संयुक्त विकास के उद्देश्य से दामोदर घाटी अधिनियम के तहत 7 जुलाई, 1948 को की गई थी।

**32. During which movement 'Bihar Vidyapeeth' was established?/किस आन्दोलन के दौरान 'बिहार विद्यापीठ' की स्थापना की गई?**

(a) Swadeshi Movement /स्वदेशी आन्दोलन
(b) Non-Cooperation Movement /असहयोग आन्दोलन
(c) Civil Disobedience Movement /सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** असहयोग आन्दोलन के दौरान 'बिहार विद्यापीठ' की स्थापना की गई। बिहार की राजधानी पटना में गंगा के किनारे स्थित बिहार विद्यापीठ की स्थापना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आम जनता के चंदे से 6 फरवरी, 1921 ई. को की थी। उल्लेखनीय है कि, गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 1 अगस्त, 1920 को असहयोग आंदोलन शुरू किया था, जो फरवरी 1922 तक चला था।

**33. When was the Patna Women's College founded?**
**पटना महिला महाविद्यालय कब स्थापति हुआ?**

(a) 1938 (b) 1940
(c) 1941
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b):** पटना महिला महाविद्यालय 1940 में हुआ। इस कॉलेज का संचालन 1870 ई. में स्थापित एक स्वदेशी शैक्षिक निकाय "सिस्टर्स ऑफ द एपोस्टोलिक कॉर्मेल" द्वारा किया जाता है। यह बिहार का पहला महिला कॉलेज था और राज्य में महिलाओं की उच्च शिक्षा का अग्रदूत था। गौरतलब है कि 1952 में यह पटना विश्वविद्यालय का एक संघटक कॉलेज बना गया।

**34. In which district of Bihar, Maize crop production is maximum?**
**बिहार के किस जिले में मक्का का उत्पादन सर्वाधिक होता है।**

(a) Saran /सारण
(b) Siwan /सिवान
(c) Muzaffarpur /मुजफ्फरपुर
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (c):** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मक्का का उत्पादन सर्वाधिक होता है। मक्का के कुल उत्पादन के मामले में देश में बिहार दूसरे स्थान पर है। पहले स्थान पर तमिलनाडु है। बिहार के पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर जिले मक्का के उत्पादन में अग्रणी हैं।

**35. Where was Kunwar Singh, a leader of the Revolt of 1857, related to?**
**1857 के विद्रोह के नेता कुँवर सिंह किस स्थान से संबंधित थे?**

(a) Gwalior /ग्वालियर
(b) Meerut /मेरठ
(c) Jagdishpur /जगदीशपुर
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (c) :**

| 1857 के विद्रोह के नेता | केन्द्र |
|---|---|
| • कुँवर सिंह | जगदीशपुर (बिहार) |
| • नाना साहब | कानपुर |
| • जनरल बख्त खान | दिल्ली |
| • बेगम हजरत महल | लखनऊ |
| • रानी लक्ष्मीबाई | झांसी |

**36. The organizing place of Thawe Mahotsav, 2023 was**
**थावे महोत्सव, 2023 का आयोजन स्थल है।**

(a) Bhagalpur (Bihar) /भागलपुर (बिहार)
(b) Munger (Bihar) /मुंगेर (बिहार)
(c) Patna (Bihar) /पटना (बिहार)
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (e) :** थावे महोत्सव बिहार के गोपालगंज में हर साल आयोजित होने वाला एक उत्सव है। यह महोत्सव वर्ष 2012 से हर साल आयोजित किया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य बिहार के गोपालगंज में पर्यटन को बढ़ावा देने और थावे दुर्गा मंदिर के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

**37. Who formed a Congress Ministry in Bihar as Premier on 20 July, 1937?**
**20 जुलाई, 1937 को बिहार में कॉंग्रेस मंत्रिमण्डल का गठन प्रीमियर के रूप में किसने किया था?**

(a) Prof. Abdul Bari /प्रो. अब्दुल बारी
(b) Anugrah Narayan Sinha /अनुग्रह नारायण सिन्हा
(c) Shri Krishna Sinha /श्रीकृष्ण सिन्हा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (c)** 20 जुलाई, 1937 को श्री कृष्ण सिन्हा ने बिहार में कांग्रेस मत्रिमण्डल का गठन किया था। श्रीकृष्ण सिन्हा बिहार के पहले मुख्यमंत्री (प्रीमियर) थे

**38. With which of the following places is Babu Kunwar Singh associated?/बाबू कुँवर सिंह निम्नलिखित में से किस स्थान से सम्बन्धित हैं?**

(a) Arrah /आरा
(b) Bhagalpur /भागलपुर
(c) Patna /पटना
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (d)** जगदीशपुर (भोजपुर) के जमींदार वीर कुवॅर सिंह ने बिहार में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम विद्रोह का नेतृत्व किया था। इन्होंने आरा एवं भागलपुर में भी विद्रोह का नेतृत्व किया। पटना में इस आंदोलन का नेतृत्व पीर अली खान ने किया था।

**39. Barabar Hills are situated in the vicinity of which city of Bihar?/बराबर की पहाड़ियाँ निम्नलिखित में से बिहार के किस शहर के सबसे समीप हैं?**

(a) Makhdumpur /मखदूमपुर
(b) Munger /मुंगेर
(c) Madhubani /मधुबनी
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** बराबर की पहाड़ियां बिहार राज्य के जहानाबाद जिले के मखदूमपुर शहर के निकट है। यहाँ पर स्थित बराबर की गुफाओं का उपयोग आजीवक सम्प्रदाय के संयासियों द्वारा किया गया है। इन गुफाओं का निर्माण मौर्य शासक अशोक द्वारा करवाया गया था। बराबर की पहाड़ियों पर चार गुफाएं स्थित है यथा कर्ण चौपड़ सुदामा गुफा, लामरशी (लोमसऋषि) गुफा एवं विश्व झोपड़ी (विश्वामित्र) गुफा।

**40. Arrange the following districts of Bihar from North to South:/बिहार के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित करें:**

**1. Sheohar/शिवहर**
**2. Vaishali/वैशाली**
**3. Nalanda/नालन्दा**
**4. Nawada/नवादा**

**Select the correct answer using the codes given below.**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 3, 2, 1, 4
(b) 1, 2, 3, 4
(c) 2, 3, 1, 4
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (b)** उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित जिलों का क्रम निम्नवत् है-

शिवहर → वैशाली → नालन्दा → नवादा

**41. Tribeni Canal in West Champaran obtains its water supply from/त्रिवेणी नहर, पश्चिमी चम्पारण में किस स्थान से पानी की आपूर्ति लेती है?**

(a) Bhainsa Lotan /भैंसा लोटन
(b) Khaira Tola /खैरा टोला
(c) Thakrahan /थकराण
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** त्रिवेणी नहर, पश्चिमी चम्पारण के भैंसा लोटन नामक स्थान से पानी की आपूर्ति लेती है। वर्ष 1909 में त्रिवेणी नहर को बिहार के चंपारण जिले में सिंचाई के लिए गड़क नदी के बाएँ तट से निकाली गई।

**42. What is the height of Someshwar peak of Bihar?**
**बिहार के सोमेश्वर श्रेणी की ऊँचाई क्या है?**

(a) 875 metres /875 मीटर
(b) 850 metres /850 मीटर
(c) 825 metres /825 मीटर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** बिहार के सोमेश्वर श्रेणी की ऊँचाई 875 मीटर है। सोमेश्वर श्रेणी पश्चिमी चम्पारण में स्थित पहाड़ियों की एक श्रृंखला है। सोमेश्वर श्रेणी बिहार में एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्थल है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**43. Which of the following places has the highest rainfall in Bihar?**
**बिहार में सर्वाधिक वर्षा कहाँ होती है?**
(a) Patna/पटना
(b) Kishangarh /किशनगढ़
(c) Muzaffarpur /मुजफ्फरपुर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** बिहार में सर्वाधिक वर्षा वाला जिला किशनगंज है, जहाँ औसत वर्षा लगभग 2200 मिमी. होती है। न्यूनतम वर्षा वाले जिले राज्य के दक्षिण एवं पश्चिम में स्थित है। ये जिलें है- कैमूर, रोहतास, गया, औरंगाबाद आदि हैं। पटना जिले में औसत वर्षा लगभग 1150 मिमी. होती है। आयोग ने विकल्प (a) पटना को सही उत्तर माना है।

**44. Which city/district in Bihar is famous for silk textile production?**
**बिहार का कौन-सा नगर जिला रेशम वस्त्र उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?**
(a) Bhagalpur /भागलपुर
(b) Patna /पटना
(c) Champaran /चम्पारण
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** भागलपुर बिहार में रेशम वस्त्रों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। भागलपुरी रेशम 'एंथेरिया पफिया' रेशमकीट के कोकून से बनाया जाता है। भागलपुर को भारत के "रेशम शहर" के रूप में भी जाना जाता है।

**45. Pyaar Ka Paudha Campaign was launched by Bihar Government on**
**प्यार का पौधा अभियान बिहार सरकार द्वारा कब प्रारम्भ किया गया था?**
(a) 15th February, 2021/15 फरवरी, 2021
(b) 26th January, 2022 /26 फरवरी, 2022
(c) 14th February, 2020 /14 फरवरी, 2020
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (c)** 14 फरवरी, 2020 को बिहार सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा पटना में 'प्यार का पौधा' अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में पौध रोपड़ को प्रोत्साहित करना है।

**46. Which district of Bihar has the lowest literacy rate?**
**बिहार के किस जिले की साक्षरता दर सबसे कम है?**
(a) Araria/अररिया
(b) Purnia/पूर्णिया
(c) Nawada/नवादा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (b)** वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार, बिहार के पूर्णिया जिले में साक्षरता दर (51.08%) सबसे कम है। बिहार में सर्वाधिक साक्षरता दर वाला जिला रोहतास (73.37%) है।

**47. When was the Patna College established?**
**पटना कॉलेज कब स्थापित हुआ?**
(a) 1859
(b) 1861
(c) 1863
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(c):** पटना कॉलेज की स्थापना 9 जनवरी, 1863 को हुई थी।

**48. Jubba Sahni, a freedom fighter belonged to which district of Bihar?/जुब्बा साहनी, बिहार के किस जिले से सम्बन्ध रखते थे, जो स्वतंत्रता सग्राम सेनानी के रूप में ख्यातिप्राप्त थे?**
(a) Muzaffarpur/मुजफ्फरपुर
(b) Bhagalpur/भागलपुर
(c) Patna/पटना
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(a):** जुब्बा साहनी का सम्बन्ध बिहार के मुजफ्फरपुर से है। यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में ख्याति प्राप्त थे।

**49. Which party of Bihar was active during the Quit India Movement?**
**भारत छोड़ो आन्दोलन के समय बिहार का कौन-सा दल सक्रिय था?**
(a) Siyaram Dal/सियाराम दल
(b) Azad Dasta/आजाद दस्ता
(c) Anand Dal/आनन्द दल
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(a):** भारत छोड़ो आन्दोलन की अवधि में जयप्रकाश नारायण के द्वारा आजाद दस्ता के गठन के आहवाहन पर तिलकपुर, भागलपुर के निवासी सियाराम सिंह के नेतृत्व में सियाराम दल का गठन हुआ। यह दल हिंसा में विश्वास करता था। इस क्रांतिकारी दल के कार्यक्रम की चार बाते मुख्य थीं- धन संचय, शस्त्र संचय, शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण तथा सरकार का प्रतिरोध करने के लिए जनसंगठन बनाना।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**50. Who is known as 'Gandhi of Bihar'?**
**'बिहार का गाँधी' के रूप में कौन जाने जाते हैं?**

(a) Dr. Rajendra Prasad/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) Lal Bahadur Shastri/लाल बहादुर शास्त्री
(c) Khan Abdul Ghaffar Khan/खान अब्दुल गफ्फार खान
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(a):** 'बिहार का गाँधी' डॉ राजेन्द्र प्रसाद का उपनाम है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।

**51. On the outbreak of 1942, the people proclaimed the establishment of a National Government under Siaram Singh at**
**1942 के आन्दोलन में लोगों ने सियाराम सिंह की अगुवाई में कहाँ पर राष्ट्रीय सरकार की स्थापना की घोषणा की थी?**

(a) Patna /पटना
(b) Bhagalpur /भागलपुर
(c) Champaran /चम्पारण
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (b) :** 1942 के आंदोलन में लोगों ने सियाराम सिंह की अगुवाई में भागलपुर मे राष्ट्रीय सरकार की स्थापना की घोषणा की थी।

**52. Who was the commander of the British army sent against Kunwar Singh during the 1857 Revolt?**
**1857 के विद्रोह के दौरान ब्रिटिश सेना के किस सेनापति को कुँवर सिंह के विरुद्ध भेजा गया था?**

(a) General Hewitt /जनरल हेविट
(b) Sir Colin Campbell /सर कॉलिन कैम्पबेल
(c) Sir Hugh Rose /सर ह्यू रोज़
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (e) :** कुँवर सिंह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रतिष्ठित नेता थे। मार्च 1858 में बाबू कुँवर सिंह ने आजमगढ़ पर कब्जा कर लिया बाद में वह अपने घर लौट आए और 23 जुलाई को जगदीशपुर के पास एक सफल लड़ाई के नेतृत्व किया। कैप्टन 'ले ग्रांड' के नेतृत्व में अंग्रेज इस युद्ध में हार गये, हालांकि कुँवर सिंह बुरी तरह घायल हो गए थे। इसके अतिरिक्त कैप्टन डनवर व बिसेन्ट आयर को भिन्न-भिन्न अभियानों में बाबू कुँवर सिंह में विरुद्ध भेजा गया था।

**53. Who among the following ladies actively participated in the Salt Satyagraha in Bihar?**
**इनमें से किस महिला ने बिहार में 'नमक सत्याग्रह' में सक्रिय भाग लिया?**

(a) Shrimati Mira Devi/श्रीमती मीरा देवी
(b) Mrs. Hasan Imam/श्रीमती हसन इमाम
(c) Miss Gauri Das/कु० गौरी दास
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (d) :** बिहार में सारण और चंपारण जिले नमक सत्याग्रह शुरू करने वाले प्रथम दो जिले थे। नमक आंदोलन की शुरूआत 6 अप्रैल 1930 को शुरू हुआ था। बिहार में महिलाओं ने नमक आन्दोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। श्रीमती हसन इमाम, श्रीमती चंद्रावती देवी, श्रीमती कमलेश्वरी देवी, कुमारी गौरीदास, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**54. Raj Kumar Shukla persuaded which leader to come to Bihar and lead their movement?**
**राजकुमार शुक्ला ने किस नेता को बिहार आने और उनके आंदोलन को नेतृत्व प्रदान करने के लिए राजी किया?**

(a) Jawaharlal Nehru/जवाहर लाल नेहरू
(b) J. B. Kripalani/जे. बी. कृपलानी
(c) Rajendra Prasad/राजेन्द्र प्रसार
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (e) :** चंपारण में प्रचलित नील की तिनकठिया प्रणाली ने किसानों का सर्वाधिक शोषण करने वाली प्रणाली थी। राजकुमार शुक्ल पहली बार गांधी जी से लखनऊ में मिले और गांधी जी को चंपारण आने के लिए राजी किया। गांधी जी ने 1917 में चंपारण सत्याग्रह आरंभ किया और तिकठिया प्रणाली को समाप्त किया।

**55. When was the Salt Movement started in Bihar?**
**बिहार में 'नमक आंदोलन' कब प्रारम्भ हुआ?**

(a) April 1930/अप्रैल 1930
(b) April 1932/अप्रैल 1932
(c) March 1930/मार्च 1930
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a) :** बिहार में नमक आंदोलन 16 अप्रैल 1930 को प्रारंभ हुआ था। नमक आंदोलन गाँधी जी द्वारा 12 मार्च को साबरमती आश्रम से दांडी तक 241 मील यात्रा से आंरभ हुआ। 6 अप्रैल, 1930 को गाँधी जी ने दांडी पहुँचकर नमक कानून का उल्लंघन किया।

**56. Who led the peasants of Bihar during the Non-Cooperation Movement?**
**असहयोग आन्दोलन के दौरान किसने बिहार में किसानों की अगुवाई की?**

(a) Raj Kumar Shukla/राजकुमार शुक्ला
(b) Swami Vidyanand/स्वामी विद्यानन्द
(c) Rajendra Prasad/राजेन्द्र प्रसाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (b)** असहयोग आन्दोलन के दौरान स्वामी विद्यानन्द ने बिहार में किसानों की अगुवाई की थी। असहयोग आन्दोलन 5 सिंतबर 1920 को महात्मा गाँधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया था। इस आन्दोलन की अवधि सितम्बर 1920 से फरवरी 1922 तक थी।

**57. When did the Bihar Youth League come into existence?**
**बिहार यूथ लीग का गठन कब हुआ?**
(a) 1930 (b) 1928
(c) 1940
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(b):** बिहार यूथ लीग का गठन 1928 में हुआ। इसकी स्थापना बिहार में युवा राष्ट्रवादियों में एक समूह द्वारा की गई थी। जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उदारवादी नीतियों से असंतुष्ट थे। बिहार यूथ लीग के प्रमुख नेताओं में जयप्रकाश नारायण, सत्येंद्र नारायण सिन्हा, श्रीकृष्ण सिंह आदि शामिल थे। बिहार यूथ लीग ने 1934 में अखिल भारतीय कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के साथ विलय कर लिया।

**58. Who led the Salt Satyagraha on 6th April, 1930 in Champaran?**
**6 अप्रैल, 1930 को चंपारण में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया**
(a) Bepin Behari Varma/बिपिन बिहारी वर्मा
(b) Laxmi Narayan Jha/लक्ष्मी नारायण झा
(c) Ramlal Prasad/रामलाल प्रसाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(a):** 6 अप्रैल, 1930 को सारण एवं चम्पारण में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व बिपिन बिहारी वर्मा ने किया था। सारण और चम्पारण जिले बिहार में सत्याग्रह शुरू करने वाले दो जिले थे। छपरा में तीन हिस्सों में विभाजित स्वयंसेवकों का नेतृत्व गिरीश तिवारी, चंद्रिका सिंह और भरत मिश्रा ने किया।

**59. Who among the following influential Wahabis of Patna was arrested on the suspicion of conspiracy against the British?/निम्नलिखित में से पटना के किस प्रभावकारी वहाबी को ब्रिटिशों के खिलाफ षड्यंत्र करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था?**
(a) Maulvi Mohammad Hussain/मौलवी मोहम्मद हुसैन
(b) Maulvi Ahmadullah/मौलवी अहमदुल्लाह
(c) M. Waizul Haque /एम. वैजुल हक
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (d):** पटना के मौलवी मुहम्मद हुसैन और एम. वैजुल हक को ब्रिटिश के खिलाफ षड़यंत्र करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहाबी आंदोलन के संस्थापक सैयद अहमद बरेलवी थे।

**60. Who was the leader of the Revolt of 1857 at Patna?/पटना में 1857 के विद्रोह की अगुवाई किसने की?**
(a) Maulvi Pir Ali Khan /मौलवी पीर अली खान
(b) Maulvi Ahmadullah Shah /मौलवी अहमदुल्लाह शाह
(c) Maulvi Fazl-e Haq/मौलवी फ़ज़ल-ए-हक़
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (a):** पटना में 1857 के विद्रोह की अगुवाई मौलवी पीर अली खान ने की थी। पीर अली खान को ब्रिटिश के खिलाफ विद्रोह करने के आरोप में 7 जुलाई, 1857 को फांसी दी गई थी। बिहार में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व वीर कुंवर सिंह ने किया था।

**61. At which place, the Indian National Congress Session was held in Bihar for the first time?/बिहार में सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का सत्र कहाँ हुआ था?**
(a) Gaya /गया
(b) Bankipur/बाँकीपुर
(c) Bhagalpur /भागलपुर
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (b):** बिहार में राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन बांकीपुर, पटना में 1912 में हुआ यह कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई थी।

**62. सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के नेताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। बिहार के कौन-से प्रमुख नेता 'बिहार केसरी' के नाम से जाने थे और उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था?**
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) श्रीकृष्ण सिंह
(c) अनुग्रह नारायण सिन्हा (d) राम मनोहर लोहिया

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान था। बिहार के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं प्रमुख नेता श्रीकृष्ण सिंह को 'बिहार केसरी' के नाम से जाना जाता था और उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप में भाग लिया था। उन्होंने 1946 से 1961 तक बिहार के पहले मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

**63. 1937-1938 के दौरान, बिहार में बकाश्त आन्दोलन किसके द्वारा आयोजित किया गया था?**
(a) स्वामी दयानन्द सरस्वती (b) जय प्रकाश नारायण
(c) स्वामी सहजानन्द सरस्वती (d) पीर अली खान

**69th BPSC (Pre) 2023**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (c) :** 1937-38 के दौरान, बिहार में बकाश्त आंदोलन स्वामी सहजानन्द सरस्वती के द्वारा आयोजित किया गया था। 'बकाश्त' का अर्थ है- स्व-संवर्धित। यह आंदोलन जमीदारों द्वारा बकाश्त भूमि से किरायेदारों को बेदखल करने के खिलाफ था और इसके कारण बिहार किरायेदारी अधिनियम और बकाश्त भूमि कर पारित हुआ।

**64. बिहार का वह रसोइया, जिसने 1917 में महात्मा गाँधी की हत्या के प्रयास को विफल कर उनके भोजन में मिले जहर से उनकी जान बचाई थी, था**

(a) मुजफ्फर अहमद (b) बटक मियाँ
(c) मीर बकवाल (d) इनमें से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** बिहार का वह रसोइया, जिसने 1917 में महात्मा गाँधी की हत्या के प्रयास को विफल कर उनके भोजन में मिले जहर से उनकी जान बचाई थी, उनका नाम बटक मियां था। वह बिहार के मोतिहारी में एक नील संयंत्र के कर्मचारी थे। बाद में, उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया, प्रताड़ित किया गया और अंततः गाँव छोड़ने पर मजबूर किया गया। बटक मियाँ ने आदेश का पालन करने से इनकार कर दिया और साजिश का पर्दाफाश कर दिया, जिससे गाँधी जी की जान बच गई।

**65. बिहार की भौगोलिक संरचना चट्टानी प्रणालियों से बनी है। चट्टानी प्रणालियों का उनके विवरण से मिलान कीजिए :**

**a. धारवाड़ चट्टान प्रणाली 1. हिमालयी और प्रायद्वीपीय नदियों द्वारा मिट्टी आदि के तीव्र जमान से निर्मित**

**b. विंध्यन चट्टान प्रणाली 2. पश्चिमी चंपारण जिले में पाई जा सकती है**

**c. काटरनरी चट्टान प्रणाली 3. सबसे पुराने आर्कियन रॉक सिस्टम का हिस्सा है**

**d. तृतीयक चट्टान प्रणाली 4. बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्टजाइट और शेल इस चट्टान प्रणाली के मुख्य घटक हैं**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** सही सुमेलन है-

| | |
|---|---|
| धारवाड़ चट्टान प्रणाली | सबसे पुराने आर्कियन रॉक सिस्टम का हिस्सा है |
| विंध्यन चट्टान प्रणाली | बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्टजाइट और शेल इस चट्टान प्रणाली के मुख्य घटक हैं |
| क्वाटरनरी चट्टान प्रणाली | हिमालयी और प्रायद्वीपीय नदियों द्वारा मिट्टी आदि के तीव्र जमाव से निर्मित |
| तृतीय चट्टान प्रणाली | पश्चिमी चंपारण जिले में पाई जाती है। |

**66. त्रिवेणी नहर पर निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर किया गया है?**

(a) कोसी (b) सोन
(c) गंडक (d) मयूराक्षी

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c):** त्रिवेणी नहर का निर्माण 1909 ई. में प्रारम्भ किया गया था। यह गंडक नदी से निकलती है। गंडक को नारायणी नदी भी कहा जाता है। इसका निर्माण सिंचाई के उद्देश्य से चम्पारण जिले में किया गया है। इसके द्वारा नेपाल, उत्तर प्रदेश तथा बिहार के क्षेत्र लाभान्वित होते है।

**67. बिहार के निम्नलिखित में से किस जिले में सोना पाया जाता है?**

(a) मुंगेर (b) सारण
(c) सिवान (d) जमुई

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** बिहार के जमुई जिले में सोना पाया जाता है। 21 फरवरी, 1991 ई. को जमुई जिले का गठन मुंगेर से अलग करके किया गया। इसका क्षेत्रफल 3122.80 वर्ग किमी. है। वर्ष 2021 में यहाँ देश का सबसे बड़ा सोने का भण्डार मिला है। जमुई जिले के सोनो प्रखण्ड के करमाटिया इलाके में यह भण्डार है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के सर्वे के अनुसार जमुई जिले में 37.6 टन खनिज युक्त अयस्क समेत लगभग 222.88 मिलियन टन सोने का भण्डार है।

**68. निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य बिहार में हैं?**

**1. वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान**
**2. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान**
**3. गजनेर वन्यजीव अभयारण्य**
**4. भीम बांध वन्यजीव अभयारण्य**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान तथा भीम बांध वन्यजीव अभयारण्य बिहार में स्थित है। जबकि दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश तथा गजनेर वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान में स्थित है।

**69. कब बिहार पहली बार ब्रिटिश-शासित भारत के तहत बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग हुआ था?**

(a) 1912 (b) 1936
(c) 1947 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** 22 मार्च, 1912ई. में बिहार पहली बार ब्रिटिश-शासित भारत के तहत बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग हुआ। बिहार, उड़ीसा ब्रिटिश भारत का एक प्रांत था। 18वीं और 19वीं सदी में अंग्रेजों ने इस क्षेत्र पर विजय प्राप्त की थीं जो भारत के सबसे-बड़े ब्रिटिश प्रांत बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। 1 अप्रैल, 1936 को बिहार और उड़ीसा को अलग कर दिया गया। 15 नवम्बर, 2000 को बिहार से अलग करके झारखण्ड राज्य का गठन किया गया।

**70. भारतीय हस्तशिल्प के सन्दर्भ में, बिहार में 'सुजिनी' क्या है?**

(a) एक प्रकार का काँच का बर्तन
(b) एक धातु शिल्प
(c) एक प्रकार की कढ़ाई
(d) एक प्रकार का मिट्टी का बर्तन

**69th BPSC (Pre) 2023**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (c) :** भारतीय हस्त शिल्प के सन्दर्भ में बिहार में सुजनी एक प्रकार की कढ़ाई है। बिहार के मुजफ्फरपुर की सुजनी कढ़ाई को जीआई टैग मिला है। परम्परागत रूप से महिलाएँ नवजात शिशुओं को लपेटने के लिए साधारण कपड़ों के छोटे पैच पर कढ़ाई करके कपड़ा तैयार करती है। इसी को सुजनी कहते हैं।

**71. बिहार में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. यह बिहार के वर्तमान बांका जिले में स्थित था।**

**2. इसकी स्थापना पाल वंश के राजा गोपाल प्रथम ने की थी**

**3. बौद्ध धर्म का 'वज्रयान' सम्प्रदाय यहाँ फला-फूला।**

**4. यहाँ खगोल-विज्ञान, तर्कशास्त्र, कानून, व्याकरण और दर्शन जैसे अन्य विषय भी पढ़ाए जाते थे।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?**

(a) 2 और 3 (b) 1 और 4
(c) 1 और 2 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** विक्रमशिला विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में निम्न कथन इस प्रकार है-

* विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार के भागलपुर जिले में स्थित है।
* विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना नरेश धर्मपाल ने (770-810) ने करवायी थी। यहाँ 160 विहार तथा व्याख्यान के लिए अनेक कक्ष बने हुए थे।
* बौद्ध धर्म का वज्रयान सम्प्रदाय यहाँ फला-फूला।
* यहाँ खगोल विज्ञान, तर्कशास्त्र, कानून, व्याकरण और दर्शन जैसे अन्य विषय भी पढ़ाए जाते थे।

**72. बिहार सरकार ने किस वर्ष तक कार्बन उत्सर्जन कम कर बिहार राज्य को 'प्रदूषण-मुक्त' बनाने की योजना बनाई है?**

(a) 2022 (b) 2024
(c) 2030 (d) 2047

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (*) :** बिहार सरकार ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण प्रोग्राम के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करके वर्ष 2040 तक निवल कार्बन उत्सर्जन शून्य कर बिहार राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना बनाई है।

**73. 1913 में पटना में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना किसने की थी?**

(a) रामानन्द सिन्हा
(b) सतीश झा
(c) शचीन्द्रनाथ सान्याल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (c):** वर्ष 1913 में पटना में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना शचीन्द्रनाथ सान्याल ने की थी और बीएन कॉलेज के बंकिमचन्द्र मित्रा को इसका नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई। ध्यातव्य है कि अनुशीलन समिति भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय बंगाल में बनी अंग्रेज विरोधी, गुप्त क्रांतिकारी संस्था थी, जिसका उद्देश्य बंकिम चन्द्र के द्वारा बताए गए मार्ग का अनुशीलन करना था। इस समिति का शुभारंभ वर्ष 1902 में 'व्यायामशाला' के रूप में हुआ था। इस समिति के अध्यक्ष प्रथमनाथ मित्रा और उपाध्यक्ष चितरंजन दास व अरविन्द थे। वर्ष 1907 में कलकत्ता में वारींद्र घोष और भूपेन्द्र नाथ दत्त द्वारा इस समिति का पुर्नगठन किया गया, जिसका उद्देश्य 'खून के बदले खून' था।

**नोट :** सिस्टर निवेदिता इस समिति की एकमात्र महिला सदस्य थी।

**74. 'बिहार प्रॉविन्सियल कॉंग्रेस कमेटी' जिसका मुख्यालय पटना में है, का गठन किस वर्ष हुआ?**

(a) 1908 (b) 1910 (c) 1906
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (a) :** बिहार प्रॉविन्सियल कांग्रेस कमेटी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बिहार इकाई की शाखा है, जिसका मुख्यालय पटना में है। इसका गठन वर्ष 1908 में हुआ था। वर्तमान (अक्टूबर, 2023) में इसके अध्यक्ष मदन मोहन झा जी हैं।

**75. बिहार समाजवादी पार्टी का गठन किसने किया था?**

(a) फूलनचंद तिवारी और राजेन्द्र प्रसाद
(b) फूलन प्रसाद वर्मा और जयप्रकाश नारायण
(c) राजकुमार शुक्ल और स्वामी अग्निवेश
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (b) :** बिहार समाजवादी पार्टी का गठन फूलन प्रसाद वर्मा और जय प्रकाश नारायण तथा कुछ अन्य लोगों ने मिलकर वर्ष 1931 में की थी। इस पार्टी की उद्देश्य समाजवादी विचारों का प्रचार करना, तथा श्रम और किसान संगठनों का गठन करना था। इस पार्टी के महत्त्वपूर्ण नेता इस प्रकार है– आचार्य नरेन्द्र देव, संपूर्णानंद, युसूफ मेहर अली, गंगा शरण सिन्हा, रामवृक्ष बेनीपुरी और रामानंद मिश्रा आदि।

**76. बिरसा मुण्डा द्वारा किसको 'कमांडर इन चीफ' नियुक्त किया गया था?**

(a) देमका मुण्डा (b) गया मुण्डा
(c) सुन्दर मुण्डा (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (e) :** मुण्डा आदिवासी समूह बिहार के छोटानागपुर पठार के रांची के दक्षिण भाग में निवास करते थे। ब्रिटिश सरकार द्वारा जब इन जनजातियों की जीवन शैली में सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से हस्तक्षेप किया गया तो बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इन्होंने 1895 में विद्रोह छेड़ दिया था। इसे उलुगखनी (उल्गुलान) या महाविद्रोह की संज्ञा भी दी जाती है। इसे 'सरदारी विद्रोह' भी कहा जाता है। ध्यातव्य है कि इस विद्रोह में बिरसा मुण्डा द्वारा किसी को भी कमांडर इन चीफ नही बनाया गया था।

**77. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा बिहार के दक्षिण गंगा क्षेत्र से मेल नहीं खाता है?**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(a) पटना-मुंगेर (b) गया -अरवल
(c) पटना -वैशाली (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (c) :** पटना-वैशाली जोड़ा-बिहार के दक्षिण गंगा क्षेत्र से मेल नहीं खाता है। शेष सभी विकल्प बिहार के दक्षिण गंगा क्षेत्र से मेल खाते है।

**78. भारत की कुल जनसंख्या के सापेक्ष बिहार की जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?**
(a) 8.58 (b) 10.10 (c) 12.25
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (a) :** भारत की कुल जनसंख्या के सापेक्ष बिहार की जनसंख्या का प्रतिशत 8.58% है। बिहार की कुल आबादी 104099452 है। सच्चिदानंद सिन्हा को आधुनिक बिहार का निर्माता माना जाता है।

**79. भोजपुरी की पहली फिल्म कौन-सी थी?**
(a) गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो
(b) कन्यादान
(c) नदिया के पार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (a) :** भोजपुरी की पहली फिल्म गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो थी, जो वर्ष 1963 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के डायरेक्टर तथा प्रोड्यूसर क्रमशः कुंदन कुमार तथा प्रोड्यूसर विश्वनाथ प्रसाद शाहाबादी थे।

**80. ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना किस महान संत ने की थी?**
(a) सालार मसूद ग़ाज़ी (b) दरिया साहेब
(c) इमाम शाह फक़ीह (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (b) :** ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना महान संत दरिया साहेब ने की थी। इन्हें दरिया दास या बिहार वाले के नाम से भी जाना जाता है। ये भोजपुरी कवि और दरियादासी सम्प्रदाय के संस्थापक थे। इन्हें कबीर का अवतार माना जाता है। इन्होंने 20 से अधिक पुस्तके लिखी है, जिनमें से ''ज्ञान दीपक'' और ''दरिया साहेब'' प्रमुख है। ध्यातव्य है कि 'दरिया साहेब' उनकी आत्मकथा है।

**81. नेशनल कॉलेज और बिहार विद्यापीठ का शिलान्यास किसने किया था?**
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) मौलाना अब्दुल बारी
(c) महात्मा गांधी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (c):** बिहार की राजधानी पटना में गंगा के किनारे स्थित बिहार विद्यापीठ की स्थापना महात्मा गांधी के प्रयासों से हुई थी। इन्होने ही इसका शिलान्यास किया था। इस शैक्षिक संस्थान का काफी समृद्ध और गौरवशाली अतीत है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद इस संस्थान के पहले प्राचार्य बनाए गए थे।

**82. आर.एल. सिंह के वर्गीकरण स्कीम के अनुसार, बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आता है?**
(a) आर्द्र दक्षिण-पूर्व (b) उपार्द्र संक्रमणकालीन
(c) उपार्द्र महाद्वीपीय (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (b) :** आर.एल.सिंह के वर्गीकरण स्कीम के अनुसार, बिहार राज्य, उपार्द्र संक्रमणकालीन जलवायु प्रदेश में शामिल किया जाता है। इसे संशोधित उपोष्ण कटिबन्धीय जलवायु भी कहते हैं। बिहार के पूर्वी भाग में आर्द्र और पश्चिमी भाग में अर्द्धशुष्क जलवायु पाई जाती है।
आर.एल.सिंह ने भारत को 4 बृहत्, 28 मध्यम, 67 प्रथम क्रम, 112 द्वितीय क्रम और 484 तृतीय क्रम के जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया है।

**83. बिहार के किस जिले में प्रथम तैरता हुआ सोलर ऊर्जा संयंत्र बनाया गया है?**
(a) दरभंगा (b) पश्चिम चम्पारण
(c) मधुबनी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (a) :** बिहार के दरंभगा जिले में प्रथम तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र बनाया गया है। इस प्लांट में नीचे मछली पालन और ऊपर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। इसकी क्षमता 2 मेगावाट है।

**84. बिहार में निम्नलिखित में से किसे GI टैग मिला है?**
(a) मगही पान (b) बासमती चावल
(c) चंदेरी साड़ी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (a) :** बिहार में मुजफ्फरपुर की शाही लीची, भागलपुर का कतरनी चावल, तसर सिल्क, जर्दालु आम, मगही पान, सुजनी साड़ी, मधुबनी पेंटिंग तथा मिथिला मखाना आदि को GI टैग प्राप्त हुआ है। GI टैग एक ऐसी स्थिति है जो किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित उत्पाद को दी जाती है।

**85. किस वर्ष 'बिहार प्रान्तीय किसान सभा' का गठन किया गया था ?**
(a) 1920
(b) 1924
(c) 1929
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (c) :** बिहार प्रांतीय किसान सभा का गठन वर्ष 1929 में सहजानंद सरस्वती द्वारा किया गया था। बिहार प्रांतीय किसान सभा के अग्रदूत एवं संरक्षक सहजानंद सरस्वती थे।

**86. बिहार में 1781 के विद्रोह के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?**
(a) यह जमींदारों द्वारा किया गया विद्रोह था।
(b) यह किसानों द्वारा किया गया विद्रोह था।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(c) अंग्रेज बिना किसी परेशानी के विद्रोह को कुचलने में सफल रहे।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (d) :** बिहार में 1781 का विद्रोह जमीदारों तथा सरदारों द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ किया गया विद्रोह था। इसके प्रमुख नेता राजा नारायण सिंह, फतेह बहादुर साही तथा राजा अकबर अली खान थे। इस विद्रोह का मुख्य कारण राजस्व संग्रह में बाधा उत्पन्न करना था। इस विद्रोह में विद्रोहियों के असंगठित दृष्टिकोण को देखते हुए अंग्रेज बिना किसी परेशानी के विद्रोह को दबाने में सक्षम रहे।

**87. कृति राज सिंह किस खेल से सम्बन्धित है ?**
(a) भारोत्तोलन (b) बैडमिंटन (c) क्रिकेट
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (a) :** भारत के बिहार राज्य में जन्मी कृति राज सिंह भारोत्तोलन (Weightlifting) खेल से सम्बन्धित हैं। दिसम्बर, 2022 में न्यूजीलैण्ड में आयोजित जूनियर कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप में इन्होंने भारोत्तोलन में कुल 6 स्वर्ण पदक जीते थे।

**88. बिहार उद्योग विभाग द्वारा जारी औद्योगिक विकास रैंकिंग, 2022 में किस जिले ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है?**
(a) सिवान (b) गया (c) दरभंगा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (a):** बिहार राज्य उद्योग विभाग ने पहली बार औद्योगिक विकास की रैंकिंग जारी की है, जिसमें औद्यौगिक योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर जिलों की रैंकिंग प्रदान की गई है। इस रैंकिंग में सिवान 73.5 अंक के साथ पहले स्थान पर वही पटना 68 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

**89. बिहार मद्य-निषेध और उत्पाद-शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 2022 के अनुसार, शराब की ढुलाई करने वाले वाहनों को छोड़ने हेतु जुर्माने के रूप में उनकी बीमित राशि का कितना प्रतिशत देना होगा ?**
(a) 30 (b) 50 (c) 10
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (c) :** बिहार सरकार ने राज्य में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए बिहार मद्य-निषेध और उत्पाद-शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 2022 पारित किया। इस अधिनियम के अनुसार, शराब की ढुलाई करने वाले वाहनों को छोड़ने हेतु जुर्माने के रूप में उनकी बीमित राशि का 10% देना होगा।

**90. किस आन्दोलन के प्रभाव में आकर, बिहार के लोगों ने 'चौकीदारी कर' देने से इंकार कर दिया था?**
(a) असहयोग आन्दोलन (b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(c) भारत छोड़ो आन्दोलन (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 Paper-II**

**Ans. (b) :** अप्रैल 1930 में गाँधी जी द्वारा चलाए गए 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के प्रभाव व समर्थन में बिहार के लोगों ने 'चौकीदारी कर' देने से इंकार कर दिया था। इसी क्रम में दरभंगा, समस्तीपुर, सारण, चम्पारण, पूर्णिया, मुंगेर, पटना सहित अन्य जिलों में 'चौकीदारी कर' बंदी को एक आंदोलन के रूप में चलाया गया। सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय ही गाँधी जी के 'नमक कानून' तोड़ने से प्रभावित होकर कुछ नेताओं ने चंपारण और सारण जिलों में नमकीन मिट्टी से नमक बनाकर नमक कानून का उल्लंघन किया था।

**91. बिहार की किस जनजाति ने कांग्रेस के गया अधिवेशन में भाग लिया था?**
(a) उराँव (b) संथाल (c) संन्यासी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (a) :** चितरंजन दास की अध्यक्षता में 1922 के कांग्रेस के गया अधिवेशन में उराँव जनजाति ने भाग लिया था। उराँवों के प्रमुख नेता 'ताना भगत' रहे ने गुलाब तिवारी के नेतृत्व में भाग लिया था। हालांकि इस 37वें कांग्रेस अधिवेशन में संथाल के अलावा उराँव, खड़िया आदि कई जनजातियों के 800 से भी अधिक किसानों ने भाग लिया था।

**92. छोटा नागपुर क्षेत्र के मुंडा और संथाल निम्नलिखीत में से किस पेड़ की पूजा करते हैं?**
(a) इमली (b) आम (c) कदम्ब
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (c) :** छोटा नागपुर के पठारी क्षेत्रों में निवास करने वाली मुंडा और संथाल जनजाति के लोग कदम्ब और महुआ वृक्षों की पूजा करते हैं। ज्ञात हो कि 'सरहुल' त्योहार संथाल जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है।

**93. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, बिहार की कुल महिला साक्षरता दर क्या थी?**
(a) 52.89% (b) 63.68% (c) 53.57%
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (e) :** वर्ष 2011 की जनगणना आंकड़ों के अनुसार, बिहार राज्य की कुल महिला साक्षरता दर 51.5% है जबकि पुरूष साक्षरता दर 71.2% है। राज्य की कुल साक्षरता दर 61.80% है।
→ सर्वाधिक साक्षरता दर वाले राज्य/के.शा.प्र. हैं– केरल (94%), लक्षद्वीप (91.8%), मिजोरम (91.3%), गोवा (88.7%)।
→ भारत की साक्षरता दर 74.04% है जिसमें पुरूष साक्षरता दर 82.14% तथा महिला साक्षरता दर 65.46% है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com